वेबसाइटः www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

---

स्थान/**Place:** Mumbai तारीख/**Date:** 31.10.2023

प्रेसविज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023' मनाया

मुंबई, 31 अक्टूबर, 2023: केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) 30 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 मना रहा है। इस साल का सतर्कता जागरूकता सप्ताह, "भ्रष्टाचार को ना कहें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" की थीम पर आधारित है।"

बैंक की ओर से देश-विदेश में मौजूद अपने सभी कार्यालयों एवं शाखाओं के साथ-साथ बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs), अनुषंगी संस्थानों तथा संयुक्त उद्यमों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में 'सत्यनिष्ठा की शपथ' के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के आयोजन की शुरुआत हुई। बैंक के एमडी एवं सीईओ, कार्यपालक निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी तथा सभी कर्मचारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के एमडी एवं सीईओ, श्री देबदत्त चांद ने "बॉब विजिलेंस" न्यूज़लेटर के एक विशेष संस्करण के साथ-साथ सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संदेश फैलाने की थीम पर आधारित एक लघु एनिमेटेड फिल्म भी जारी की।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री सुरेंद्र कुमार दीक्षित ने कहा, “भ्रष्टाचार को ना कहकर हम अपने देश के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कर रहे हैं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा में हम जागरूकता, स्वामित्व की भावना को प्रोत्साहन देने और भ्रष्टाचार से निपटने के लिए एकजुट होकर कदम उठाने के साथ-साथ सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के संकल्प पर अटल हैं।”

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुसार, बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ओर से अपने सभी शाखाओं एवं कार्यालयों में जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशालाओं, लोगों को संवेदनशील बनाने के लिए कार्यक्रमों, वॉकथॉन और मानव शृंखलाओं जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बैंक वाद-विवाद और क्विज़ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कर रहा है, जिसमें ग्रामीण इलाकों में बैंक के कर्मचारियों तथा छात्रों के साथ-साथ ग्राम सभा के सदस्य भाग ले रहे हैं। नागरिकों को समाज की प्रगति एवं विकास पर भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से, ग्राम पंचायतों में "जागरूकता ग्राम सभा" सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।

About Bank of Baroda

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents and through its various digital banking platforms, which provide all banking products and services in a

seamless and hassle-free manner. The Bank's vision matches the aspirations of its diverse clientele base and seeks to instil a sense of trust and security in all their dealings with the Bank.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com